Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 27-11-2006

Participants : Singh Shri Rakesh

>

Title : Need to provide direct rail link from Jabalpur to Amritsar for pilgrims.

श्री राकेश सिंह (जबलपुर): सभापति महोदय, अमृतसर स्थित स्वर्ण मन्दिर देश-विदेश के करोड़ो सिख धर्मावलंबियों की आस्था का केन्द्र है। लाखों गैर-सिख भी इस पवित्र स्थल पर प्रतिर्वा आते हैं। देश ही नहीं, विदेशों से भी इस महत्वपूर्ण स्थल पर दर्शनार्थी आते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र जबलपुर कटनी में लगभग 70 से 80 हजार सिख धर्मावलम्बी रहते हैं। इसके अतिरिक्त जबलपुर के आसपास मंडला, डिंडोरी, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, नरसिंहपुर इत्यादि जिलों में रहने वाले सिख धर्मावलंबियों की संख्या को भी जोड़ लिया जाये तो यह संख्या लगभग एक लाख के ऊपर होती है किन्तु अत्यंत खेद की बात है कि इतनी अधिक सख्या में रहने वाले लोगों के लिये जबलपुर से अमृतसर के बीच कोई सीधी ट्रेन आज तक शुरु नहीं हो सकी है जिससे अमृतसर जाने के लिये न सिर्फ सिख धर्मावलंबियों को बल्कि अन्य दर्शनार्थियों को भी अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सभापति जी, मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार व रेल मंत्रालय से आग्रह करना चाहता हूं कि शीघ्र ही जबलपुर से अमृतसर के बीच एक सीधी ट्रेन चलाई जाये और यदि तत्काल यह संभव नही है तो जबलपुर दिल्ली के बीच चलने वाली महाकौशल एक्सप्रेस को ही आगे अमृतसर तक चलाया जा सकता है जिससे रेल प्रशासन नई रेलगाड़ी चलाये बिना भी लाखों सिख धर्मावलंबियों को सुविधा उपलब्ध करा सकता है तथा महाकौशल क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग भी पूरी हो सकती है।